दिनांक : 29/03/2026 समय :2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम की 132वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। पश्चिम एशिया के संकट का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सहायता के लिए खाड़ी देशों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति व्यवस्था पर जोर देते हुए नागरिकों से अफवाहों से बचने और एकजुट रहने की अपील की। प्रधानमंत्री ने समृद्ध विरासत के संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारतम ऐप' और युवाओं को नीति निर्माण से जोड़ने वाले 'माई भारत' संगठन के प्रयासों की सराहना की। खेल जगत का जिक्र करते हुए उन्होंने रणजी ट्रॉफी जीतने पर जम्मू-कश्मीर की टीम और न्यूयॉर्क हाफ मैराथन में इतिहास रचने वाले एथलीट गुलवीर सिंह को बधाई दी। जल संरक्षण और 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' की सफलता को साझा करते हुए उन्होंने जनभागीदारी को नए भारत की असली ताकत बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में कार्यक्रम का श्रवण किया। इस अवसर पर उनके साथ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

टर्मिनल लोकार्पण-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल-1 का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विमानन क्षेत्र का कायाकल्प हुआ है और हवाई सेवाओं के अकल्पनीय विस्तार से अब हर वर्ग के लिए हवाई यात्रा सुलभ हो गई है। उन्होंने इंदौर में बढ़ती अत्याधुनिक हवाई सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि इंदौर की उत्कृष्ट हवाई सुविधाओं को अमेरिकी काउंसिल द्वारा 'क्वालिटी सर्टिफिकेट' से भी सम्मानित किया गया है।

महावीर जयंती अवकाश

सामान्य प्रशासन विभाग और भोपाल कलेक्टर द्वारा महावीर जयंती के अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। सामाजिक संगठनों के ज्ञापनों और स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए, भोपाल जिले में अब 31 मार्च के स्थान पर कल यानी 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके प्रभावी होने से कल भोपाल जिले के सभी शासकीय कार्यालय और संस्थाएं बंद रहेंगी, जबकि 31 मार्च मंगलवार को सभी कार्यालय पूर्ववत खुले रहेंगे। अन्य जिलों में यदि यह पर्व 31 मार्च को ही मनाया जा रहा है, तो वहां अलग से किसी आदेश की आवश्यकता नहीं होगी।

मुख्यमंत्री-इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित 'महावीर अलंकरण समारोह' को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन सिद्धांत दुनिया में अत्यंत अलौकिक हैं। उन्होंने पौधों में प्राण होने के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भगवान महावीर के मौलिक सिद्धांतों का अनुसरण हर इंसान को करना चाहिए।

आईपीएल

आईपीएल के रोमांचक आगाज़ में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से मात दी। डेब्यू मैच में तीन विकेट झटकने वाले जैकब डफी 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे। वहीं, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आज शाम साढ़े सात बजे मुंबई इंडियंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

समाचार संक्षेप में :-

- विदिशा रेलवे स्टेशन पर जल सेवा में नगर के सेवानिवृत शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, किसान, व्यापारी और समाज सेवियों द्वारा मिलकर स्टेशन पर रुकने वाली सभी ट्रेनों में खिड़की तक पहुंचकर निशुल्क शीतल जल प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। प्रतिवर्ष जल दिवस से शुरू होने वाली इस सेवा का यह 43वां वर्ष है।
- शिवपुरी में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वन विद्यालय, में “जल, जंगल एवं जीवन” विषय पर वृहद विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जागरूकता विषयक वीडियो का प्रसारण किया गया।